सं.एवी.13024/475/2015-एएस

भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,

सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली,

दिनांक : 04 जून, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) में प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स में लेवल-14 में संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी) के पद को भरना।**

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि नई दिल्ली स्थित नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 में संयुक्त महानिदेशक के एक पद को भरने का प्रस्ताव है। पात्रता मानदंड **अनुलग्नक-1** में दिए गए हैं।

2. ऐसे अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा, जो उचित माध्यम से भेजे गए हों और जिसके साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किए गए हों :

i. **अनुलग्नक-II** में दिए गए प्रोफार्मा में जीवन-वृत्त;
ii. **अनुलग्नक-III** के अनुसार आवेदक के नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा सत्यापित की जाने वाली जांच सूची;
iii. अधिकारी के नवीनतम एपीएआर डोजियर की स्पष्ट फोटोकॉपी जिसमें कम से कम पिछले पांच वर्षों की एपीएआर शामिल हो, जिसे समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया हो;
iv. पिछले पांच वर्षों के दौरान एपीएआर में ग्रेडिंग को दर्शाने वाला सत्यापित विवरण:
v. संवर्ग अनापत्ति;
vi. सतर्कता और अनुशासनात्मक दृष्टि से अनापत्ति; और
vii. पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी और छोटी शास्तियां, यदि कोई हो, का विवरण।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र से अनुरोध है कि वे इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित पते पर भेजें:

उप सचिव, विमानन सुरक्षा प्रभाग, नागर विमानन मंत्रालय, "बी" ब्लॉक, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली-110003, यह आवेदन रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के छह सप्ताह के भीतर इस कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। आवेदन soas.moca@nic.in पर ईमेल भी किए जा सकते हैं।

4. केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदन अग्रेषित किए जाएं, जो चयन होने पर तत्काल पदभार ग्रहण कर लेंगे और जिन्हें संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यमुक्त करने की स्थिति में होंगे। एक बार अग्रेषित किए गए आवेदन को वापस नहीं लिया जा सकेगा। निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदन या आवश्यक प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन: 011-24619282

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में,

i. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
ii. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव

**अनुलग्नक-I**

**संयुक्त महानिदेशक, बीसीएएस मुख्यालय, नई दिल्ली के पद के लिए पात्रता मानदंड**

1. **पद का नाम:** संयुक्त महानिदेशक, बीसीएएस, नई दिल्ली।

2. **वेतनमान:** वेतन मैट्रिक्स के लेवल 14 में।

3. **भर्ती पद्धति:** प्रतिनियुक्ति द्वारा।

4. **पात्रता:** केंद्र सरकार के अधिकारी (केंद्रीय पुलिस संगठनों के अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों सहित)-:

(क) (i) मूल कैडर/विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण किए हुए हों; या

(ii) मूल कैडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल-13ए में या उसके समकक्ष नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में दो वर्ष की सेवा की हो।

(iii) नीति निर्धारण सहित सुरक्षा पहलुओं और उसकी निगरानी से संबंधित कार्य में दस वर्ष की सेवा हो।


5. **प्रतिनियुक्ति की अवधि:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य, बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. **आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक न हो।

**<u>अनुलग्नक-II</u>**

## <u>प्रोफॉर्मा</u>

फ़ोटो



1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में) :

2. सेवा और संवर्ग जिससे संबंधित हैं /बैच :

   राज्य जहां के मूल निवासी हैं :

3. जन्म की तारीख:

   और आयु

   (___वर्ष ___ महीने)

4. लिंग :

5. केन्द्रीय सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख :

6. शैक्षिक अर्हता :

7. क्या अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अल्पसंख्यक श्रेणी से हैं :

8. कृपया वर्तमान पद से संबंधित निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करें:

   क. तारीख सहित वर्तमान धारित पद का नाम:

   ख. नियमित /तदर्थ :

   ग. वेतनमान :

   घ. वर्तमान मूल वेतन :

   ङ. क्या केन्द्रीय स्टाफिंग योजना के तहत नियुक्ति की गई है:

9. कृपया बताएं कि आप निर्धारित मानदंड को कैसे पूरा करते हैं:

i. क्या आप मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर कार्यरत हैं (कृपया हाँ या नहीं बताएं; विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रदान करें) :

ii. क्या आपने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में 13ए लेवल या समकक्ष में नियमित नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में दो वर्ष की सेवा प्रदान की है (कृपया हां या नहीं बताएं; विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रदान करें):

iii. पिछले 10 वर्ष के दौरान कार्यरत पदों का विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रदान करें (वर्तमान पद से शुरू करें) :

| **क्र.सं.** | **कार्यालय /संगठन का नाम जहां कार्यरत हैं** | **धारित पद का नाम** | **नियुक्ति की तारीख** | **कार्यमुक्त होने की तारीख** | **वेतनमान** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

i. नीति निर्धारण सहित सुरक्षा पहलुओं और इसकी निगरानी से संबंधित कार्य में पिछले वर्षों के अनुभव का विवरण निम्नलिखित 10तालिका के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:

| **पिछले 10 वर्षों में अनुभव का क्षेत्र** | **कार्य का स्वरूप** | **अनुभव की अवधि** | **संगठन जिसमें प्रासंगिक अनुभव प्राप्त हुआ** |
|---|---|---|---|
| (क) नीति निर्धारण<br>(ख) सुरक्षा<br>(ग) अन्य (कृपया उल्लेख करें) | | | |

.10 अतिरिक्त सूचनाजिसे आप अपने आवेदन के समर्थन में प्रस्तुत करना ,यदि कोई हो, चाहते हैं।

)अभ्यर्थी का हस्ताक्षर(

टेलीफोन ल नमोबाई/(एसटीडी कोड)

ईमेल आईडी:

कार्यालय का पता और टेलीफोन नंबर:

आवासीय पता:

तिथि :

**अनुबंध-III**

## <u>जाँच सूची</u>

i. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण की उपलब्ध रिकोर्ड से जांच की गई है और इसे सही पाया गया है।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही सतर्कता संबंधी मामला न तो लंबित और न ही विचाराधीन है।/

iii. पिछले संलग्न है। ,यदि कोई हो ,वर्षों के दौरान दिए गए दंडों की सूची 10

iv. सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

v. अधिकारी की पिछले पाँच वर्षों की अद्यतन एपीएआर डोजीयरकी विधिवत सत्यापित , संलग्न है। प्रतिलिपि

vi. पिछले पाँच वर्षों की एपीएआर में ग्रेडिंग दर्शाने वाला सत्यापित विवरण।

| **एपीएआर ग्रेडिंग प्रोफॉर्मा** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अधिकारी का नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| | | | | | |

vii. प्रमाणित किया जाता है कि चयन के समयअधिकारी को उनके कार्य से तत्काल , कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर ...........................

नाम ,पदनाम और ईमेल आईडी-

मुहर सहित अग्रेषण अधिकारी के हस्ताक्षर और
टेलीफोन मोबाईल नंबर (एसटीडी कोड)